K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
Assessment ll 2022-23

STD: Vll **Marks:40**
SUB: Hindi **Time : 2Hrs**

प्रश्न 1 (अ) नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए। (2 अंक)

1) कोकिल 2) रात

प्रश्न 1 (आ) विरुद्धार्थी शब्द लिखिए। (2 अंक)

1) आशा 2) यश

प्रश्न 2(आ)निम्नलिखित अपठित गद्यांश के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (4 अंक)

राष्ट्रीय ध्वज किसी भी देश की स्वतंत्रता और सत्ता का प्रतीक होता है। सभी देशों का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज होता है। भारत के राष्ट्रीय ध्वज को तिरंगा कहते हैं। इसमें तीन रंग है। केसरिया रंग त्याग की निशानी है। सफेद रंग शुद्धता का परिचायक है हरा रंग उन्नति तथा खुशहाली का प्रतीक है। झंडे के बीच में एक चक्र भी है। लहराता हुआ तिरंगा हमें शुद्धता, खुशहाली, त्याग, बलिदान और शांति का संदेश देता है। यह हमारे देश की जनता का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमें देश की शान के लिए त्याग तथा बलिदान करना सिखाता है। यह हमारे देश के गौरव का प्रतीक है।

प्रश्न (1) राष्ट्रीय ध्वज किसका प्रतीक है?

(2) भारत के राष्ट्रीय ध्वज को क्या कहते हैं?

(3) सफेद रंग किसका परिचायक है?

(4) लहराता हुआ तिरंगा हमें क्या संदेश देता है?

प्रश्न 2(आ)निम्नलिखित पठित गद्यांश के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (4 अंक)

सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार प्रशिक्षण 'जॉनसन स्पेस सेंटर' में अगस्त 1998 में प्रारंभ हुआ। 9 दिसंबर 2006 में सुनीता को अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी से 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र भेजा गया ।इस दौरान इन्होंने तीन स्पेस वॉक किए। 6 अप्रैल 2007 को इन्होंने अंतरिक्ष में ही 'बोस्टन मैराथन' में भाग लिया और उसे 4 घंटे 24 मिनट में पूरा किया। अंतरिक्ष की इस मैराथन में दौड़ने वाली यह पहली व्यक्ति बन गई।22 जून 2007 को यह पृथ्वी पर वापस आ गई। सन् 2012 में सुनीता एक्सपीडिशन 32 और 33 से जुड़ीं। इन्हें 15 जुलाई 2012 को बैकोनुर कोस्मोड्रोम से अंतरिक्ष में भेजा गया। इनका अंतरिक्ष यान 'सोयुज' अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र से जुड़ गया। 17 सितंबर 2012 को इन्हें एक्सपीडिशन 33 का कमांडर बनाया गया। अंतरिक्ष में इस मुकाम तक पहुँचने वाली वह दूसरी महिला है। 19. नवंबर 2012 को सुनीता विलियम्स सकुशल पृथ्वी पर लौट आई।

प्रश्न

1) सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार प्रशिक्षण कब प्रारंभ हुआ?
2) 1)सुनीता विलियम्स के 2006 मे अंतरिक्ष में भेजे गए यान का नाम क्या था?
3) 6 अप्रैल 2007 को सुनीता विलियम्स ने किस मैराथन' में भाग लिया?
4) सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार प्रशिक्षण सेंटर का नाम क्या था?

प्रश्न 3(अ)पाठ के आधार पर पूछे गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दिजिए। (6 अंक)

1) 26 दिसंबर 2004 का दिन भारत के लिए यादगार दिन क्यों बन गया?
2) सुनामी किस तरह की प्राकृतिक आपदा थी? भारत में इसका क्या असर हुआ? बताइए।
3) दक्षिण भारत में आई सुनामी करिबोरन परमेश्वरन और उनको पत्नी चूड़ामणि के जीवन में कैसे काली रात बनकर आई? दो-तीन वाक्यों में लिखिए।
4) सुनीता विलियम्स का जन्म कब हुआ ? तथा उसने प्रारंभिक शिक्षा कहाँ से प्राप्त की लिखिए?
5) सुनीता विलियम्स को एच-46 टुकड़ी का ऑफिसर-इन-चार्ज बनाकर मिआमि (फ्लोरिडा) क्यों भेजा गया?

प्रश्न 3 (आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से दो प्रश्नों उत्तर लिखिए। (4 अंक)

1) कोकित कैसी चिड़िया है और वह किसकी तरह दिखती है?
2) क्या सुनकर हमारा मन प्रसन्न हो जाता है और क्यों?
3) कोकिल खेत के कीड़े क्यों खाती है?
4) कोकिल की विशेषताओं का वर्णन किजिए।

प्रश्न 4 (अ) कविता की पंक्तियों में से किसी एक का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (2 अंक)

1) कोकिल अति सुंदर चिड़िया है, सच कहते हैं, अति बढ़िया है।जिस रंगत के कुँवर कन्हाई, उसने भी वह रंगत पाई।
2) बौरों की सुगंध की भाँती,कुहू-कुहू यह सब दिन गाती। मन प्रसन्न होता है सुनकर,इसके मीठे बोल मनोहर ।

प्रश्न 4 (आ) दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखिए तथा वाक्य में प्रयोग कीजिए । (2 अंक)

1) घी के दीपक जलाना 2) किताबी कीड़ा

प्रश्न 5 (अ)1) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (2 अंक)

1) इस दंपति के जीवन का ----------- उन सभी बच्चों का जीवन सँवारना था ।
2) 6 अप्रैल 2007 को इन्होंने अंतरिक्ष में ही ---------में भाग लिया

प्रश्न 5 (अ) 2) दिए गए शब्दों के वचन बदलिए । (2 अंक)

1) दुकान 2) जाति

प्रश्न 5 (अ) 3) दिए गए वाक्यों में एकर्मक क्रिया वाले वाक्यों के आगे एकर्मक लिखिए और द्विकर्मक क्रिया वाले वाक्यो के आगे विकर्मक लिखिए। (2 अंक)

1) तुषार गाड़ी चला रहा है।
2) नर्स रोगी को दवा पिलाती है।

प्रश्न 5 (आ)1) विपरीत अर्थ वाले एक युग्म शब्द लिखिए। (1 अंक)

प्रश्न 5(आ)2) नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर बताइए कि वे काल का कौन-सा भेद हैं। (2 अंक)

1)अध्यापिका पढ़ाती हैं।

2) 15 अगस्त सन 1947 में भारत आजाद हुआ था।

प्रश्न 6)1) नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न को कीजिए । (5 अंक)

1. चित्रों के आधार पर लघुकथा लिखिए तथा उचित शीर्षक दिजिए।

1) निबंध लिखिए ।

अ)दीपावली (आ) वनों का महत्व